भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2160

गुरूवार, 6 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना

2160 श्री येरेम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं तथा इसके क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के अंतर्गत विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले से प्राप्त आवेदनों का वर्ष-वार तथा जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश से बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के अंतर्गत प्राप्त कुल आवेदनों में से पंजीकृत इकाइयों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या पंजीकरण/सत्यापन हेतु कोई इकाइयाँ लंबित हैं; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लंबित रहने के क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय भारत के उन राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में, जहाँ संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के पास बेड एंड ब्रेकफ़ास्ट सुविधाओं के अनुमोदन/वर्गीकरण/मान्यता के लिए अपनी स्वयं की योजना नहीं है, पूर्णतः संचालित बेड एंड ब्रेकफ़ास्ट सुविधाओं से युक्त कमरों का स्वैच्छिक आधार पर वर्गीकरण करता है।

इस पहल का उद्देश्य विदेशी और घरेलू दोनों प्रकार के पर्यटकों के लिए ठहरने का स्वच्छ और किफायती स्थान उपलब्ध कराना है, साथ ही पर्यटकों को स्थानीय परिवार के साथ रहकर उनके रीति-रिवाजों और परंपराओं का अनुभव करने तथा प्रामाणिक भारतीय परंपराओं का आनंद लेने का अवसर प्रदान करना भी है।

(ख) से (ङ): चूँकि आंध्र प्रदेश सरकार ने युवा उन्नयन, पर्यटन एवं संस्कृति (पर्यटन) विभाग के दिनांक 08.10.2025 के अपने जी.ओ.एमएस.सं. 32 के माध्यम से अपनी स्वयं की होमस्टे/बेड एंड ब्रेकफ़ास्ट (बीएंडबी) नीति अधिसूचित कर दी है, इसलिए बीएंडबी का वर्गीकरण राज्य द्वारा किया जाता है। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1,030 होमस्टे और बीएंडबी ने एपी होमस्टे और बीएंडबी पोर्टल पर आवेदन किया है। इसका विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा आंध्र प्रदेश में बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

ज़िला-वार स्थिति की रिपोर्ट:

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**संपत्ति रजिस्टर**	**एसपी सत्यापित**	**एसपी लंबित**	**एसपी अस्वीकृत**	**डीटीओ सत्यापित**	**डीटीओ लंबित**	**डीटीओ अस्वीकृत**	**डीएलसी सत्यापित**	**डीएलसी लंबित**	**डीएलसी अस्वीकृत**
1	अल्लूरी सीताराम राजू	26	20	3	2	19	1	2	19	0	2
2	अनकापल्ली	10	6	3	1	4	2	1	4	0	1
3	अनंतपुरमु	212	188	8	15	182	6	5	181	1	5
4	अन्नमय्या	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
5	बापतला	1	0	1	0	0	0	0	0	0	0
6	चित्तूर	46	19	23	2	18	1	1	18	0	1
7	डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा	6	2	4	0	2	0	0	2	0	0
8	पूर्वी गोदावरी	66	35	11	11	32	3	0	31	1	0
9	एलुरु	12	9	2	0	9	0	0	9	0	0
10	गुंटूर	50	49	1	0	49	0	0	47	2	0
11	काकीनाडा	45	44	1	0	44	0	0	44	0	0
12	कृष्ण	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
13	कुरनूल	38	31	6	1	31	0	1	29	2	1
14	नांदयाल	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

15	नंदमुरी तारक रामा राव	35	28	5	0	28	0	0	28	0	0
16	पलनाडु	2	2	0	0	2	0	0	2	0	0
17	पार्वतीपुरम मान्यम	2	0	2	0	0	0	0	0	0	0
18	प्रकाशम	3	3	0	0	3	0	0	3	0	0
19	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	11	10	1	0	10	0	0	10	0	0
20	श्री सत्य साईं	1	0	1	0	0	0	0	0	0	0
21	श्रीकाकुलम	32	29	3	0	29	0	0	29	0	0
22	तिरुपति	146	118	28	0	118	0	0	118	0	0
23	विशाखापत्तनम	252	249	2	0	234	15	0	234	0	0
24	विजयनगरम	10	10	0	0	10	0	0	10	0	0
25	पश्चिम गोदावरी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
26	येदुगुड़ी संदिंती राजशेखर रेड्डी	24	21	3	0	20	1	0	20	0	0
	कुल योग	**1030**	**873**	**108**	**32**	**844**	**29**	**10**	**838**	**6**	**10**

* एसपी-पुलिस अधीक्षक डीटीओ-जिला पर्यटन अधिकारी डीएलसी-जिला स्तरीय समिति

*****